प्रेस विज्ञप्ति                                                                  दिनांक 14 जुलाई 2026

# भिलाई निगम की नई आयुक्त ने संभाला मोर्चाए स्वच्छता और व्यवस्थाओं का जायजा

## जोन 1 और जोन 2 के एसएलआरएम सेंटरोंए कोसा नालाए गोठान और नवनिर्मित डॉग हाउस का किया औचक निरीक्षणए अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा.निर्देश

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई की नव.नियुक्त आयुक्त सुश्री सुरूचि सिंह ने कार्यभार संभालते ही शहर की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए मैदानी स्तर पर निरीक्षण शुरू कर दी है। इसी कड़ी में आज उन्होंने निगम के जोन 1 और जोन 2 अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्षेत्रों का सघन दौरा किया और विकास कार्यों सहित स्वच्छता व्यवस्था का जायजा ली हैं।

आयुक्त ने अपने दौरे की शुरुआत जोन 1 नेहरू नगर अंतर्गत संचालित एसएलआरएम सेंटर से की हैं। वहां उन्होंने कचरा पृथक्करण  की प्रक्रिया को देखी और स्वच्छता दीदियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं व कार्यप्रणाली की जानकारी ली। इसके पश्चातए उन्होंने एम जे कॉलेज के समीप स्थित कोसा नाला का निरीक्षण किये। वर्षा ऋतु के मद्देनजर उन्होंने नाले की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने और जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए अधिकारियों को मुस्तैद रहने के निर्देश दिए।

जोन 1 के बाद निगम आयुक्त जोन 2 का रुख कर यहाँ उन्होंने एसएलआरएम सेंटर केंद्र की कचरों के निपटान की क्षमता और स्वच्छता मानकों की समीक्षा की। नवनिर्मित डॉग हाउस में आवारा कुत्तों के सुव्यवस्थित रखरखाव और उनके टीकाकरण के लिए बनाए गए नए डॉग हाउस का बारीकी से निरीक्षण कर और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किये हैं। गोठान की व्यवस्थाओं को देखते हुए उन्होंने मवेशियों के लिए चारे.पानी के साथ अन्य पुख्ता इंतजाम हेतु निर्देश दिये हैं।

ष्शहर की स्वच्छताए सुगम ड्रेनेज सिस्टम और जन.सुविधाएं हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। किसी भी कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी और कर्मचारी फील्ड पर सक्रिय रहकर जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण करें।

निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता अजीत कुमार तिग्गाए उपायुक्त सह जोन आयुक्त डी के कोसरियाए जोन आयुक्त अमरनाथ दुबेए कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवालए अरविंद शर्मा सहायक अभियंता फत्तेलाल साहू श्वेता माहेश्वरए स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अलीए उप अभियंता शंकर सुवन मरकामए पुरुषोत्तम सिन्हाए रीमा जामुलकरए चंदन निर्मलए सहायक राजस्व अधिकारी सुनील जोशीए जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेनाए शंकर साहनी सहित निगम का अमला उपस्थित रहा।

